भारत सरकार **राज्य सभा**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय **अतारांकित प्रश्न संख्या 1870**

दिनांक 29 अगस्त, 2012 को उत्तर दिए जाने के लिए

फूलों का उत्पादन

1870. **श्री श्यामल चक्र वर्तीः** क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्ष 2011–12 के रिकार्डों के अनुसार फूलों की खेती वाले क्षेत्र तथा उत्पादन का राज्य–वार ब्यौरा क्या है;

(ख) वर्ष 2011–12 में कटे हुए फूलों का कुल कितना निर्यात हुआ तथा इससे कुल कितनी विदेशी मुद्रा की प्राप्ति हुई; और

(ग) इस वर्ष कटे हुए फूलों के निर्यात का लक्ष्य क्या है और अब तक के निर्यात का रूझान क्या है?

उत्तर

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री ज्योतिरादित्य मा0 सिंधिया)

(क) वर्ष 2011-12 के दौरान खुले एवं टहनीयुक्त पुष्पों के उत्पादन एवं खेती वाले क्षेत्र का राज्य वार ब्यौरा निम्नानुसार हैः-

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	क्षेत्र (000' हेक्टेयर में)	उत्पादन	
		खुले (000' मी.टनों में)	टहनीयुक्त (संख्या लाख में)
अंडमान एवं निकोबार	0.04	0.34	0.00
आंध्र प्रदेश	54.78	342.16	7099.07
अरूणाचल प्रदेश	1.22	0.00	2860.00
असम	0.00	0.00	0.00
बिहार	0.74	7.02	247.62
छत्तीसगढ़	8.42	32.86	0.00
दादर एवं नगर हवेली	0.00	0.00	0.00
दमन एवं दीव	0.00	0.00	0.00
दिल्ली	5.50	5.70	1038.00
गोवा	0.00	0.00	0.00
गुजरात	15.90	135.50	0.00
हरियाणा	6.34	64.15	1269.47
हिमाचल प्रदेश	0.77	35.28	1893.82
जम्मू एवं कश्मीर	0.18	1.06	155.92
झारखंड	1.60	22.03	1711.00
कर्नाटक	29.22	211.54	10388.00
केरल	0.00	0.00	0.00
लक्षद्वीप	0.00	0.00	0.00
मध्य प्रदेश	9.16	7.14	0.00
महाराष्ट्र	18.88	102.80	8220.00
मणिपुर	0.00	0.00	0.00
मेघालय	0.00	0.00	0.00

मिजोरम	0.43	0.00	349.01
नागालैंड	0.02	0.00	15.36
उड़ीसा	7.54	26.08	6020.00
पुड्डुचेरी	72.15	413.95	0.00
पंजाब	2.10	10.07	0.00
राजस्थान	5.30	9.80	0.00
सिक्किम	0.15	0.00	141.13
तमिलनाडु	19.44	193.71	0.00
त्रिपुरा	0.00	0.00	0.00
उत्तर प्रदेश	15.52	29.52	4529.00
उत्तराखंड	0.49	0.00	3697.36
पश्चिम बंगाल	23.92	63.81	25042.10
कुल	**299.81**	**1714.52**	**74676.86**

स्रोतः बागवानी फसलों का विस्तार एवं उत्पाद वर्ष 2011-12 : कृषि एवं सहकारिता विभाग द्वारा, बागवानी सांख्यिकी विभाग द्वारा किया गया द्वितीय प्राक्कलन

(ख) वर्ष 2011-12 के दौरान (फरवरी 2012 तक) निर्यात किये गये पुष्पों की कुल मात्रा और अर्जित कुल विदेशी मुद्रा क्रमशः 2210.89 मी.टन और 3663.03 लाख रूपये है ।

(ग) सरकार ने मुख्यतः टहनीयुक्त पुष्पों के लिए कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किया है । अप्रैल, 2012 के लिए वाणिज्यिक आसूचना एवं सांख्यिकी महानिदेशालय से प्राप्त अनंतिम आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल के समनुरूपी अवधि की तुलना में समग्र पुष्पकृषि (ताजा टहनीयुक्त पुष्प और सूखे पुष्पों को मिलाकर) के निर्यात में वृद्धि दर्ज की गयी है । (अप्रैल, 2011 में 25.46 करोड़ यपये से अप्रैल 2012 में 30.37 करोड़ रूपए तक) ।